तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

13 सेवा सेतु शिविर में शिवरतन शर्मा ने ...



14 शिक्षक ने बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को कराया ...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



दशहरा : रावणभाटा मैदान में 51 फीट के रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रावणभाटा मैदान पहुंचकर दशहरा उत्सव की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया और आयोजन से जुड़े अधिकारियों एवं टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस वर्ष दशहरा उत्सव में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का भव्य दहन विशेष आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया जाएगा। दहन से पूर्व मैदान में भव्य संगीतमय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले दर्शकों को कार्यक्रमों का बेहतर दृश्य अनुभव उपलब्ध कराने के लिए एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था भी की जाएगी। वहीं लगभग एक घंटे तक होने वाली भव्य आतिशबाजी विजयादशमी उत्सव के आकर्षण को और बढ़ाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए मंच, दर्शक दीर्घा, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, प्रकाश व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन, पुतला दहन स्थल तथा आमजन की सुविधाओं का जायजा लिया। नगर पालिका द्वारा दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर सभापति प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, दशरथ साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव, इंजीनियर विनोद यादव, आदर्श रामलीला मंडली से मोनू माल, कोमल शर्मा, बजरंग चौरसिया, लाला शर्मा आदि मौजूद रहे।

नपा अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा



धर्म और सत्य की विजय का पर्व है दशहरा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि दशहरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि सत्य, धर्म और न्याय की विजय का संदेश देने वाला हमारा गौरवशाली पर्व है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, कर्तव्य, सेवा और जनकल्याण का मार्ग दिखाता है। भाटापारा में इस वर्ष दशहरा उत्सव को ऐसा स्वरूप देने का प्रयास है, जिसमें हमारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ नगरवासियों का उत्साह और सहभागिता भी दिखाई दे। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि "आइए, विजयादशमी के इस पावन पर्व पर हम सभी मिलकर अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर मर्यादा की विजय का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। परिवार सहित उत्सव में शामिल हों, निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और भाटापारा के इस भव्य दशहरा उत्सव को यादगार बनाएं।

खबर संक्षेप

शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियां तेज



भाटापारा। शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगा, जिसे लेकर माता मंदिरों सहित शहर में पंडालों में विराजमान होने वाली मां दुर्गा की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। माता की प्रतिमा को बनाने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। शहर के महारानी चौक मे मूर्तिकार माता की मूर्ति को पूर्ण करने दिन रात काम पर लगे हैं मूर्तिकार तरेंगा निवासी सदन, मुकेश साहू ने बताया कि माता की प्रतिमा को बनाने का काम अंतिम चरण मे चल रहा है लगभग सभी प्रतिमाओं को बनाने का काम समय पर कर लिया जायेगा।

जिला ऑडिटोरियम में युवा उड़ान का आयोजन आज

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से युवा उड़ान 2026 का आयोजन 9 अक्टूबर को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 से प्रारंभ होगा। युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन, साइबर सिक्योरिटी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। युवाओं को इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की गई है।

24 ऑटो व ई-रिक्शा पर गाज, 36 हजार रुपए जुर्माना वसूला



बलौदाबाजार। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जिले में संचालित ऑटो व ई-रिक्शा का परिवहन उड़नदस्ता टीम द्वारा समय-समय पर जांच जारी है। मोटर यान अधिनियम का पालन नही करते हुए उल्लंघन कर संचालित ऐसे 24 वाहनों पर मोटर यान अधिनियम के अनुसार कार्यवाही करते हुए कुल 36500 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। साथ ही ई-रिक्शा, आटो आदि वाहनो को नियमों का पालन करते हुए आवश्यक वैध दस्तावेज के साथ बैठक क्षमता के अनुसार सवारी लेकर संचालन करने की संबंध में समझाईश दी गई।

दो दिवसीय कार्यशाला 10 अक्टूबर से

गिधौरी। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा 10 एवं 11 अक्टूबर को सतनाम धर्मशाला, मड़वा गिरौदपुरी धाम में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय निःशुल्क आवासीय शिक्षा संगोष्ठी एवं सामाजिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। शुभारंभ 10 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सांसद कमलेश जांगड़े की उपस्थिति में होगा। कार्यशाला में शिक्षा, साहित्य, सामाजिक परिवर्तन और संगठन विस्तार पर चर्चा होगी। जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग, उच्च शिक्षा के लिए कोचिंग तथा स्कूल-कॉलेज संचालन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मांग : प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन, सेमराडीह पंचायत ने दी आंदोलन की अंतिम चेतावनी

कुकुरदी सीमेंट प्लांट में रासायनिक अपशिष्ट जलाने का आरोप, दुर्गंध से सेमराडीह में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम कुकुरदी स्थित सीमेंट प्लांट में कथित रूप से रासायनिक अपशिष्ट जलाए जाने से आसपास के गांवों में एक बार फिर दुर्गंध फैलने का मामला सामने आया है। बीती रात प्लांट से निकली तेज और दमघोंटू दुर्गंध से ग्राम सेमराडीह के ग्रामीण परेशान रहे। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात तक पूरे गांव में अप्रिय गंध बनी रही, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी सहित अन्य दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार, प्लांट के भीतर अपशिष्ट जलाए जाने के बाद अचानक पूरे सेमराडीह क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने आशंका जताई कि यदि इस तरह की स्थिति लगातार बनी रही तो ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन और संयंत्र प्रबंधन से मामले की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सरपंच प्रमिला वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार वर्मा के अलावा पंच गोपाल साहू, रामकुमार वर्मा, प्रमिला शर्मा, सरिता यादव, कीर्ति गिरी, लोकेश्वरी साहू और उत्तरा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से भी मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



पहले भी की जा चुकी है शिकायत

पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह की समस्या पहले भी सामने आ चुकी है। पूर्व में भी संयंत्र से निकलने वाली दुर्गंध को लेकर ग्रामीणों और पंचायत की ओर से प्रबंधन को लिखित रूप से अवगत कराया गया था। इसके अलावा प्रशासन को भी आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग की गई थी। इसके बावजूद दोबारा ऐसी स्थिति बनने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है।

समस्या नहीं सुलझी तो आंदोलन की चेतावनी

पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रबंधन को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि ग्रामीणों को लंबे समय से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद यदि समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पंचायत ने इसे प्रबंधन को अंतिम चेतावनी बताते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटना से कोई अप्रिय स्थिति या जनहानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी संयंत्र प्रबंधन की होगी।

प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

घटना के बाद ग्राम पंचायत सेमराडीह के प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम कुकुरदी स्थित सीमेंट प्लांट पहुंचकर प्रबंधन के एचआर हेड अंतर्यामी और सीएसआर हेड राजेंद्र कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। पंचायत ने मांग की कि संयंत्र में उपयोग अथवा निस्तारण किए जाने वाले किसी भी प्रकार के अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रबंधन किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि अपशिष्ट के निस्तारण के दौरान निकलने वाली दुर्गंध अथवा गैस आसपास के आबादी वाले क्षेत्रों तक न पहुंचे।

दुर्गोत्सव को शांतिपूर्ण मनाने सिमगा थाना में शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर एवं अंचल में आगामी दुर्गोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम अतुल शेटे ने कहा कि दुर्गोत्सव आस्था का पर्व है, इसे परंपरा और नियमों के अनुसार मनाया जाए। उन्होंने समितियों से अपील करते हुए कहा कि पंडाल में अग्निशमन एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें डीजे की ध्वनि धीमे आवाज में ही रखें, विसर्जन के दौरान निर्धारित रूट और समय का पालन करें। वहीं थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी तो है ही लेकिन समिति के सदस्यों को भी अपनी जवाबदारी समझना पड़ेगा कि दुर्गा पंडालों के कारण आम रास्ता कहीं प्रभावित न हो जिससे लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने समितियों से वालंटियर लिस्ट और सीसीटीवी कैमरे लगाने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित समिति सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे, जिसमें बिजली, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। प्रशासन ने सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया तथा। विसर्जन स्थल शिवनाथ नदी में क्रेन की व्यवस्था करने की बात कही गई। अंत में सभी ने आपसी सहयोग से दुर्गोत्सव को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान ⏭ शेष पेज 12 पर

राहुल व प्रियंका गांधी पर लाठीचार्ज का विरोध भाटापारा में कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा एवं अन्य विपक्षी नेताओं के साथ दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कथित दुर्व्यवहार और लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसजनों ने गुरुवार को काला दिवस मनाते हुए धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन के आह्वान के तहत भाटापारा में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकजुट हुए। प्रदर्शन में भाटापारा विधायक इन्द्र साव प्रमुख रूप से शामिल हुए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के आह्वान पर स्थानीय कांग्रेस भवन के सामने कांग्रेसजनों ने काली पट्टी एवं काले ⏭ शेष पेज 12 पर

- इन्द्र साव भी धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए, केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध



8 अक्टूबर को राज्यव्यापी प्रदर्शन का था आह्वान

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं के साथ कथित तौर पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने दिल्ली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी सांसदों के साथ प्रदर्शन के दौरान कथित बदसलूकी एवं बल प्रयोग के विरोध में 8 अक्टूबर को राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। धरना-प्रदर्शन को, डॉ. बसंत भृगु, आलोक मिश्रा, सुनील माहेश्वरी, देवनारायण बांधे, धनंजय तिवारी, अजय ठाकुर, दिनेश तिवारी, चंद्रशेखर चक्रधारी, सत्यजीत शेन्डे, राजा तिवारी, अय्यूब बांठिया ने संबोधित किया। संचालन एवं आभार व्यक्त मुकेश साहू ने किया, इस दौरान मोहन केशरवानी, शेषनारायण यदु, गौरी भृगु, पुनीत मानिकपुरी हंसराज हरबंस, बिम्लेश्वरी ध्रुव, पूर्णिमा श्रीवास, दानीभाट, सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

टुंडरा में सदगुरु कबीर संत समागम समारोह आज

गिधौरी। नगर पंचायत टुंडरा क्षेत्र के कृषि मंडी परिसर (लंजभाठा) में आज होगा सदगुरु कबीर संत समागम समारोह एवं सात्विक यज्ञ आनंदी चौका आरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पंथ श्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब के सानिध्य में आयोजित होने की जानकारी दी गई है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में एक दिवसीय सत्संग समारोह, भव्य शोभायात्रा, आशीर्वचन, सात्विक यज्ञ, आनंदी चौका आरती एवं भोजन भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे से ग्राम पंचायत टुंडरा क्षेत्र में शोभायात्रा के साथ होगी, जिसके बाद कृषि मंडी परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पोस्टर के अनुसार कार्यक्रम में पंथ श्री हुजूर उदितमुनिनाम साहेब, आचार्य कबीर पंथ का सानिध्य रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कबीरपंथी समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर एसकेडिवी ⏭ शेष पेज 12 पर

नौकरी और तबादले के नाम पर 10.48 लाख की ठगी

कृष्णा अवस्थी और बेटे पर नया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नौकरी और तबादला कराने के नाम पर कथित ठगी के एक और मामले ने पूर्व भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी से जुड़े मामलों को फिर चर्चा में ला दिया है। गिधौरी-टुण्डरा थाने में ग्राम मोहतरा नि वा सी मेघनाथ बंजारे की शिकायत पर कृष्णा अ व स्थी, उसके बेटे प्रणव अवस्थी और पुनीराम पटेल के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 337 और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है। शिकायतकर्ता मेघनाथ बंजारे ने पुलिस को बताया कि वह आयुर्वेद विभाग में औषधालय सेवक के रूप में पदस्थ है और अपने गृह ग्राम के आसपास तबादला कराने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान पुनीराम पटेल से हुई। आरोप है कि पुनीराम ने परिचय का लाभ उठाते हुए तबादला कराने के नाम पर पहले 30 हजार रुपए लिए। शिकायत के अनुसार, बाद में पुनीराम पटेल ⏭ शेष पेज 12 पर







- फोन पे और नगद के जरिए 10.48 लाख लेने का आरोप

पहले से कई मामलों में जांच और गिरफ्तारी

कृष्णा अवस्थी और उसके बेटे प्रणव अवस्थी के खिलाफ इससे पहले भी नौकरी लगाने तथा फर्जी दस्तावेजों से जुड़े कई मामले सामने आ चुके हैं। इनमें फर्जी आरएमए स्थानांतरण आदेश का मामला प्रमुख है, जिसमें पुलिस ने कृष्णा और प्रणव समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा बीज एवं कृषि विकास निगम में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रुपए लेने, शराब दुकान में नौकरी के नाम पर राशि लेने तथा नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए लेने के अलग-अलग मामले भी दर्ज हो चुके हैं। हाल ही में भाटापारा शहर थाने में भी शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी दिलाने के नाम पर 2.09 लाख रुपए लेने का मामला कृष्णा और प्रणव के खिलाफ दर्ज हुआ है। इन लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच गिधौरी थाने में दर्ज नया प्रकरण जांच का दायरा और बढ़ाता है।

मामलों की समग्र जांच के लिए एसआईटी की मांग

लगातार अलग-अलग थानों में सामने आ रहे प्रकरणों को देखते हुए अब इस पूरे प्रकरण की समग्र, निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग उठ रही है। मांग है कि कृष्णा अवस्थी और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज सभी मामलों की कड़ियों को एक साथ जोड़कर जांच की जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कथित तौर पर कितने लोगों से रकम ली गई, किन-किन खातों में राशि पहुंची, फर्जी दस्तावेज किस स्तर पर तैयार हुए और इसमें अन्य लोगों की कोई भूमिका रही या नहीं। साथ ही, जिन लोगों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है लेकिन कथित रूप से ऐसी गतिविधियों में राशि गंवाई है, उनकी शिकायतें भी सामने लाकर जांच के दायरे में शामिल करने तथा वास्तविक पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गिधौरी थाने में दर्ज मामले की विवेचना की जा रही है। ऑनलाइन लेन-देन, नगद भुगतान, मोबाइल बातचीत, भेजे गए दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जोश टीम का शुभारंभ

48 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त, कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया।राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'जोश टीम' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर जिले द्वारा राष्ट्रीय आयोजन में सहभागिता की गई। इस अवसर पर विकासखंड बलौदाबाजार की वर्ष 2025 में पहली बार टीबी मुक्त पंचायत बनने वाली 48 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र तथा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने टीबी मुक्त हुए पंचायतों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले की उपलब्धि है कि लोग जागरूक हो रहे है औऱ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे रहे हैं। शासन औऱ प्रशासन बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिये निरंतर प्रयास कर रहे है। अब दूर- दराज के लोगों तक़ भी चिकत्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है।



स्वास्थ्य और स्वच्छता पर शासन का विशेष फोकसः कलेक्टर

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प के अनुरूप स्वच्छता औऱ स्वास्थ्य पर शासन -प्रशासन का विशेष फोकस है। पहले गांव-मोहल्लों में टीबी मरीजों की संख्या बहुत होती थी, लेकिन इसके प्रभावी नियंत्रण से अब बहुत कम संख्या में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि जिले मे अभी 48 ग्राम पंचायत कांस्य मेडल के साथ टीबी मुक्त घोषित हुए है जो स्वास्थ्य विभाग के लगातार जांच औऱ पंचायतों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब तक़ टीबी मुक्त सभी 312 ग्राम पंचायत सतत रूप से इसे बरकरार रखे ताकि सिल्वर औऱ गोल्ड मेडल प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के 519 मे से 450 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य है। उन्होंने उपस्थित सरपंच औऱ सचिव से वीबी- जी राम जी के तहत अधोसंरचना निर्माण के साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के क्षेत्र मे भी काम करने कहा।

ऐसे तय होता है टीबी मुक्त पंचायत का मानक

बताया गया कि टीबी मुक्त भारत अभियान वर्ष 2023 से संचालित है जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों के 1000 जनसंख्याए से 30 लोगों का टीबी जांच किया जाता है। जांच में 30 मे से केवल 1 या शून्य जांच पॉजिटिव आता है तो उस ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जाता है। अब तक जिले के 312 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित हो चुके हैं। इस अवसर ओर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अरविन्द कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा, डीपीएम सृष्टि मिश्रा सहित बड़ी संख्या मे सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

बिरकोनी के फर्शी फैक्ट्री में चोरी

महासमुंद। बिरकोनी स्थित एक फर्शी फैक्ट्री में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को यतेंद्र साहू ने बताया कि उसकी बिरकोनी बिजली सब स्टेशन के सामने पत्थर फैक्ट्री है, जिसमें पत्थर पॉलिस करने वाला मशीन लगा हुआ है। 7 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे जब वह फैक्ट्री गया तो देखा कि वहां रखे 04 नग डायमंड प्लेट एवं 09 नग गोंटा प्लेट कुल कीमत करीब 20000 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली।

महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने ग्राम हरनादादर से एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी सिंह टोंडेकर पिता बिंदु लाल टोंडेकर (35 साल) हरनादादर के घर बाड़ी से कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय/कार्यपालिक दंडाधिकारी महोदय, सिमगा,जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

शपथकर्ता - मोहम्मद उस्मान जन्म तिथी 06/08/1987 पता- जामा मस्जिद के पास, आजाद चौक, सिमगा पो.आ. सिमगा थाना व तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 493101

MOHAMMAD USMAN S/O ABDUL HABEEB DATE OF BIRTH 06/08/1987 ADDRESS- NEAR BY JAMA MASJID, AJAD CHAUK, SIMGA POST. SIMGA, THANA SIMGA TAHSIL SIMGA DISTT BALODABAZAR &BHATAPARA (C.G.) 493101

शपथकर्ता निम्नलिखित शपथ पत्र सादर प्रस्तुत करता है:-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता के पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक **8464 2294 7345** में शपथकर्ता के पुत्री का नाम हबीबा बानो पिता मोहम्मद उस्मान **HABIBA BANO D/O MOHAMMAD USMAN** जन्मतिथी-22/09/2020 अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है।
3. यह कि शपथकर्ता के पुत्री का वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो में उम्मे हबीबा पिता मोहम्मद उस्मान **UMME HABIBA D/O MOHAMMAD USMAN** जन्मतिथी 22/09/2020 ग्राम जामा मस्जिद के पास, आजाद चौक, सिमगा तह. सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा पिनकोड 493101, **ADDRESS- NEAR BY JAMA MASJID, AJAD CHAUK, SIMGA POST. SIMGA, THANA SIMGA TAHSIL SIMGA DISTT BALODABAZAR & BHATAPARA (C.G.) 493101** दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि दोनों नामों में एकरूपता लाने एवं आधार कार्ड/जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में सुधार करने एवं दो नामों का प्रमाण मेरी पुत्री के उपयोग हेतु मैं शपथकर्ता अपनी पुत्री के नाम छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन करना चाहता हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता द्वारा शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 04 तक किये कथन मेरे निजी जानकारी एवं दस्तावेजों के अनुसार सत्य एवं सही है।

मो. उसमान
सत्यापनकर्ता

आक्रोश : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने बुधवार को लोकतंत्र बचाओ सप्ताह एवं 'वोट बचाओ-देश बचाओ मार्च' के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंग चौक से पैदल मार्च के साथ हुई, जो अंबेडकर चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। अंबेडकर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन किया। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया। इसी क्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर काला दिवस मनाकर दिल्ली के जंतर-मंतर में विरोध प्रदर्शन कर रहे इंडिया ब्लॉक के सांसदों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर कथित लाठीचार्ज का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरें, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, शकुंतला साहू, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, परमेश्वर यदु, तुलसीराम वर्मा, प्रवीण सेन, दीपक साहू, सुनील साहू, सलमान शेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने मनाया काला दिवस

सुहेला। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को सुहेला तिगड्डा चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाकर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश तथा प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दोपहर करीब डेढ़ बजे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी व काले वस्त्र धारण कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश्वर वर्मा ने कहा कि मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की खूबसूरती है और विपक्षी नेताओं की आवाज दबाना गंभीर विषय है। प्रदर्शन में सुरेंद्र सिंह ठाकुर, राम सुधार झांगड़े, बीसन साहू, जितेंद्र वर्मा, सतीश देवदास, रामदेव यदु, हेमलाल पाटरे, बिहारी खुटे, दुष्यंत जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पंचमढ़ी में आयोजित पर्वतारोहण शिविर के लिए 52 प्रतिभागी रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव ब्रिजेश बाजपेई के निर्देसानुसार जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव एवम जिला शिक्षा अधिकारी तथा पदेन जिला कमिश्नर स्काउट एसके गेंदले के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मध्य प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है जिसमें जिला बलौदा बाजार भाटापारा के 23 स्काउट 23 गाइड 02 स्काउटर 02 गाइडर 02 सर्विस रोवर कुल 52 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्काउट_गाइड कक्ष में 7 अक्टूबर को भाग लेने वाले प्रतिभागियों को राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त शिविर किट बैग, ट्रैक शूट, पानी बोटल, आई कार्ड, पी कैप किट वितरण किया गया। जिसमें आवश्यक पर्वतारोहण किट सामग्री वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा एवं राज्य कार्यकारणी के सदस्य अरुण छाबड़ा जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार ने बच्चों को शिविर के उद्देश्य से अवगत कराया और आत्मविश्वास के गुणों को धारण करने प्रेरित किया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य अरुण छाबड़ा समाजसेवी ने सेवा के प्रति सदैव तैयार रहने कहा, कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल ने जी संबोधित कर स्काउट गाइड का हौसला बढ़ाया तथा शिविर नियमों, अनुशासन और समय प्रबंधन की सिख देते हुए सभी को सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एवेंचर जिला प्रभारी सनत कुमार खरे,कोमल सिंह ठाकुर सविता ठाकुर, जेआर बारले कसडोल सचिव, योगेन्द्र सोनवानी, योगेश्वर प्रसाद साहू, सुश्री रामेश्वरी साहू, ईश्वर लाल साहू, गंगाराम वर्मा, पीआर लहरी एसएमसी अध्यक्ष रसेडा उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

दुर्गोत्सव को शांतिपूर्ण...

एसडीएम अतुल शेटे थाना प्रभारी परिवेश तिवारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण श्रीवास्तव सहित नगर के सभी दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

राहुल व प्रियंका गांधी ...

वस्त्र धारण कर घटना के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों एवं संविधान की रक्षा की आवाज बुलंद की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विपक्षी नेताओं द्वारा उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों पर सरकार को जवाब देना चाहिए, न कि शांतिपूर्ण विरोध को बलपूर्वक रोकना चाहिए। इस अवसर पर धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता से जुड़े सवालों को उठाना विपक्ष का संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखते हैं तथा जनता के अधिकारों और जनहित के मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। विधायक साव ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार सामने रख रहे हैं।

टुंडरा में सदगुर...

मिशन एवं समस्त कबीरपंथी समाज तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलावासियों की ओर से श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भरत दास मानिकपुरी सरपंच ग्राम पंचायत छरछेद एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मानिकपुरी (पनिका) समाज शामिल होंगे।

नौकरी और तबादले...

ने उसे बलौदाबाजार भाजपा कार्यालय में कृष्णा अवस्थी से मिलवाया। कृष्णा ने कथित तौर पर तबादला कराने का भरोसा दिया। इसके बाद खनिज विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर शिकायतकर्ता के बेटे कुलेश्वर बंजारे तथा उसके दो परिचितों प्रमोद साहू और राजेन्द्र यादव के दस्तावेज मंगाए गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक नौकरी लगाने के नाम पर प्रति व्यक्ति एक लाख रुपए की मांग की गई। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में कृष्णा अवस्थी के बताए मोबाइल खाते और उसके बेटे प्रणव अवस्थी के खाते में ऑनलाइन राशि भेजी गई। शिकायत में 5.38 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान तथा 4.80 लाख रुपए नगद देने का उल्लेख है। इस तरह कुल 10.48 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया गया है। मेघनाथ का आरोप है कि बाद में कृष्णा अवस्थी की ओर से नौकरी के आदेश की प्रतियां भी भेजी गई और आगे भी राशि की मांग की गई। जब न तबादला हुआ और न ही नौकरी लगी, तब उसने रकम वापस मांगी, लेकिन राशि वापस नहीं की गई।





दामाखेड़ा के हितग्राहियों को बांटी सामग्री

सेवा सेतु शिविर में शिवरतन शर्मा ने क्षेत्रवासियों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



विकासखंड सिमगा के कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शासन काल में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। विकास कार्यों के साथ ही कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही है जिसका सीधे आम जनमानस को लाभ मिल रहा है । उन्होंने कहा कि हमारे सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि लाखों गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाकर दिया जा रहा है। पूर्व विधायक शर्मा ने शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण किया, साथ ही अन्नप्राशन कार्यक्रम में नवजात शिशुओं का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर भाजपा नेता अनिल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु , जिला पंचायत सभापति दृय शशि आंनद बंजारे, दीप्ती गोविन्द वर्मा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, हेमसिंह चौहान, सरपंच कमलेश साहू, छोटेलाल यादव, संतोष साहू, हेमंत साहू, रुखमणी साहू, प्रहलाद मिश्रा सहित एसडीएम अतुल शेटे, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी एवं विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

जल संकट दूर करने अल्ट्राटेक ने खरोरा को दिए पंप



खरोरा। नगर विकास एवं जन-सुविधाओं के विस्तार की दिशा में नगर पंचायत खरोरा को बड़ी सौगात मिली है। नगर पंचायत खरोरा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अनिल सोनी तथा वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी के निरंतर प्रयास, कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। आदित्य बिड़ला ग्रुप की अग्रणी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट: बैकुण्ठ) द्वारा कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से नगर पंचायत खरोरा के विभिन्न वार्डों में सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उच्च क्षमता के बोरवेल सबमर्सिबल पंप उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 10 एचपी, 5 एचपी, 3 एचपी एवं 1 एचपी क्षमता के पंप शामिल हैं। इन पंपों की उपलब्धता से नगर के विभिन्न वार्डों में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलने तथा पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान में मदद मिलने की उम्मीद है। इस पहल को क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर अनिल सोनी एवं सुनीता अनिल सोनी ने अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन एवं कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जन-सुविधाओं के विस्तार में संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस जनहितकारी पहल के लिए प्रबंधन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का अटूट विश्वास और सहयोग ही हमारी असली ताकत है। यही विश्वास हमें खरोरा नगर की उन्नति एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

छात्राओं को दिया मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में जिला चिकित्सालय के मानसिक स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर विशेष व्याख्यान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ तनाव और मानसिक अवसाद के लक्षणों की पहचान तथा समय पर सहायता उपलब्ध कराने के प्रति प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से पहुंचे रोशन लाल एवं मोहिंदर धृतलहरे ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव से निपटने के उपाय तथा आत्महत्या रोकथाम के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को 'गेटकीपर प्रशिक्षण' के माध्यम से यह बताया गया कि अपने आसपास के व्यक्तियों में मानसिक तनाव, अवसाद या अन्य संकेतों को किस प्रकार पहचाना जा सकता है और ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति को समय रहते उचित सहायता एवं परामर्श के लिए कैसे प्रेरित किया जाए। 150 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता करते हुए विशेषज्ञों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की।





खबर संक्षेप

स्कूली बच्चों ने की सफाई मंदिर समिति ने सराहा

हिरमी रावन। ग्राम भालूकोना स्थित प्रसिद्ध चितावर धाम मंदिर परिसर में आगामी नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल चांगोरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के स्थानों की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए परिसर में फैली गंदगी को हटाया और नवरात्रि पर्व से पहले मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दिया।स्वच्छता अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। बच्चों द्वारा हाथों में झाड़ू लेकर सफाई करते देख मंदिर परिसर में मौजूद लोगों ने उनकी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चितावर धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष दीनबंधु यादव ने कहा कि बच्चों द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व सिखाती हैं।

शिक्षक ने बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्योताभोज



भटगांव। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत मध्यान्ह भोजन में शुभ अवसर पर अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जाना है। इसी के तहत विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला ग्वाली के संस्था प्रमुख अरुण कुमार देवांगन द्वारा अपनी पुत्री श्रद्धा देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर संकुल स्तरीय न्योताभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित शिक्षक एवं छात्रों के समक्ष केक काट कर जन्मदिन मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने मंगल गीत प्रस्तुत किए। सभी को केक के साथ चॉकलेट प्रदान किया गया। जिस पर सभी बच्चों ने प्रसन्नता प्रगट किया। इसके बाद सभी छात्रों एवं संकुल से आए हुए शिक्षकों को भोजन के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें पुलाव, पुड़ी, खीर, छोले, सब्जी, पापड़ एवं सलाद परोसे गये। सभी ने मिलकर एक साथ भोजन किए। विभिन्न शिक्षक एवं स्कूल के छात्रों ने एकसाथ भोजन करते हुए बहुत ही प्रसन्नता महसूस किया।

निधन

पंचु राम साहू



गोपालपुर। तहसील सरसींवां के अंतर्गत ग्राम सेमरिया निवासी पंचु राम साहू (सेवानिवृत्त पटवारी) उम्र 86 वर्ष का निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए।

शिक्षा दान कार्यक्रम में छात्रों को मिले सफलता के मंत्र, करियर गाइडेंस पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला, विकासखण्ड बिलाईगढ़ में शिक्षा दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्या की देवी माँ सरस्वती की काष्ठ मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलित, पूजन कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात दलबीर सिंह सिदार उप कोषालय अधिकारी बिलाईगढ़ का निर्मल कुमार खूंटे सहायक ग्रेड 2 एवं नीलेश बर्मन शाला नायक द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में दलबीर सिंह सिदार, उप कोषालय अधिकारी बिलाईगढ़ द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनकी पढ़ाई, उच्च शिक्षा एवं कैरियर गाइडेंस के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सिदार ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय-प्रबंधन तथा अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा भविष्य में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं के बारे में भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण समय है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने से सफलता प्राप्त की जा सकती है।

खुरसुला में शिक्षा दान कार्यक्रम का आयोजन



विद्यार्थियों के कैरियर से जुड़े प्रश्न का समाधान बताया

विद्यार्थियों ने भी कैरियर से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं उपयोगी तरीके से समाधान बताया। मेरी पहली वित्तीय डायरी छोटी बचत बड़ा भविष्य के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों की सहभागिता रही। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित यह शिक्षा दान कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य हरेंद्र कुमार शांडिल्य ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम : पात्र हितग्राहियों को सामग्री, सहायता किट एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए

सेवा संकल्प शिविर में हजारों लोगों को मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा





नगर पालिका तिल्दा-नेवरा के बीएनबी स्कूल परिसर में विधानसभा स्तरीय 'सेवा संकल्प शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में तिल्दा ब्लॉक के विभिन्न शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों को सामग्री, सहायता किट एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा,सभापति शैल महेंद्र साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। शिविर का आयोजन एसडीएम तिल्दा के निर्देशन में नगर पालिका तिल्दा-नेवरा, जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा और तहसील तिल्दा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनीं और योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई।शिविर में तिल्दा नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। एक ही परिसर में कई विभागों की सेवाएं और योजनाओं का लाभ मिलने से लोगों में उत्साह नजर आया। आयोजकों के अनुसार, शिविर के माध्यम से लगभग 1.38 लाख हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया।

सेवा संकल्प शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही सहायता उपलब्ध कराना रहा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे शिविरों से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

जल संरक्षण के लिए गिरौदपुरी में निकली जल शक्ति कलश यात्रा







गिधौरी। सेवा संकल्प महोत्सव के उपलक्ष्य में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग गिरौदपुरी द्वारा जल शक्ति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा ग्राम पंचायत भवन गिरौदपुरी से प्रारंभ होकर लोरिक बांध तालाब तक निकाली गई। कलश यात्रा में जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान लोगों को जल के महत्व, जल संरक्षण और जल स्रोतों को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। विभिन्न मार्गों से निकली इस यात्रा में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देखने को मिला। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए पानी के विवेकपूर्ण उपयोग और भविष्य के लिए जल स्रोतों को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर गिरौदपुरी सरपंच राजा राम पटेल, पंचगण ननकी मंडल पटेल, राकेश कुमार, महेश्वर पटेल, करण साहू, पंचायत सचिव धनसाय कैवर्त्य, रोजगार सहायक सुनील निराला, बद्री पटेल सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

नवोदय विद्यालय के बच्चों ने गिरौदपुरी व शिवरीनारायण का किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के छात्र और छात्राओं ने 8 अक्टूबर गुरुवार को पीएम श्री के शैक्षणिक भ्रमण के तहत बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम पहुंचकर दर्शन लाभ किया। वहीं शिवरीनारायण स्थित माता शबरी के मंदिर पहुंचकर छात्रों ने दर्शन लाभ लिए। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य श्री डीके ठाकुर एवं शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी राजेंद्र सिक्का से मिली जानकारी के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी के कुल 80 छात्र और छात्राएं ने गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम पहुंचकर मुख्य मंदिर, छाता पहाड़, अमृत कुंड, चरण कुंड एवं सबसे ऊंचा जैतखंभ का दर्शन लाभ करके खुशी का माहौल बोच्चो में दिखाई दिए । बताया गया कि छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली में पहुंचकर माथा भी टेके कई छात्राओं ने नारियल भी चढ़ाई छात्रों में खुशी की लहर देखी गई बताया गया कि गिरौदपुरी धाम के बाद छाता पहाड़ और महानदी किनारे स्थित शिवरीनारायण जहां मां शबरी माता एवं अनेक मंदिरों का भी दर्शन का लाभ छात्रों ने आनंद लिए । इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्र और छात्राओं के मन में बौद्धिक क्षमता एवं धार्मिक भावना का चेतना जागरण होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का, मुकेश वर्मा, एमडी मुस्लिम खान, अमन, चंद्रिका पैक राय, प्रगति सिन्हा के नेतृत्व में इस भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन, भुनेश्वर बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

गुरुवार को शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन शासकीय प्राथमिक शाला लच्छनपुर विकासखंड पलारी का शासन के आदेश अनुसार शाला में शाला प्रबंधन विकास समिति का गठन किया गया जिसमें शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों में से ही चुनाव किया गया जिसमें अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष खुलेश्वरी साहू, शिक्षाविद लखेश्वर मानिकपुरी, पंच प्रतिनिधि शिवलाल साहू एवं सदस्यों में ज्ञानेश्वर फेकर, पुरुषोत्तम साहू, दिलीप कुमार साहू, तिरीथराम साहू महिला सदस्य नीता साहू, पिंकी साहू, लक्ष्मी साहू, कुसुम साहू, रानी फेकर, अमसईया फेकर, आनंदी यादव का चयन किया गया सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शाला परिवार की ओर से रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया गया सभी ने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में काम करने की बात कही। कार्यक्रम में संकुल प्रभारी कमलनारायण कुर्रे, संकुल समन्वयक नेमीचंद बघेल, प्रधान पाठक व्दारिका लाल फेकर शिक्षक अन्नू सिंह पैकरा, कलाराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पालक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सरपंच संघ ने किया जनपद सीईओ का स्वागत...



पलारी। विगत दिनों सरपंच संघ के द्वारा नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी पंकज देव का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे शासन के योजना के बारे में तथा कार्य में तेजी लाने के लिए चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष कुलदीपक खन्ना, उपाध्यक्ष अंकिता संदीप वर्मा, सचिव रामायण धीवर, कोषाध्यक्ष खिलेश्वरदास घृतलहरे, घासिन गुलशन रजक, हेतराम कुर्रे सहित संघ के पदाधिकारी एवं सरपंच गण उपस्थित थे।

रंगोली प्रतियोगिता में दीपांशी पटेल द्वितिय



करहीबाजार। सेवा संकल्प अभियान के तहत वर्धमान स्कूल, बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करहीबाजार की कक्षा 9वीं की छात्रा दीपांशी पटेल, पिता संतोष कुमार पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम करही बाजार का नाम गौरवान्वित किया। दीपांशी की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शाला परिवार ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने कहा कि दीपांशी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का मुडियाडीह में समापन



पलारी। विकासखंड पलारी से 17 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मुडियाडीह में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मुडियाडीह की सरपंच अनीता लिंकन गोयल थीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव, प्रभारी वन परिसर धमनी मोहम्मद आबिद खान एवं वन प्रबंधन समिति मुडियाडीह के अध्यक्ष कमल रात्रे उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि रामनारायण यादव ने वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मुडियाडीह वन कक्ष क्रमांक 39 में मौजूद वन्यजीवों की जानकारी देते हुए कहा कि जंगल रहेगा, तभी वन्यप्राणी सुरक्षित रहेंगे। जंगलों की सुरक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी वनों के आसपास रहने वाले प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने सभी से वन्यप्राणियों की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में समन्वयक व शिक्षक दिलीप सिंह पैकरा, सेवा राम वर्मा, नरेश कुमार दीवान, पारस, लक्ष्मी नारायण, लेख, गुलाब, जीवन, नंदकुमार सहित मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर विधिक साक्षरता शिविर

साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षा विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से शंकर लाल साहू एवं टोपेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों, कानूनी प्रावधानों तथा इससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। विधिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना आवश्यक है। किसी भी अनजान लिंक, संदिग्ध वेबसाइट या एपीके फाइल के लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए तथा अज्ञात स्रोत से प्राप्त एप्लीकेशन डाउनलोड अथवा इंस्टॉल नहीं करना चाहिए। विद्यार्थियों को ओटीपी, पासवर्ड, बैंक संबंधी जानकारी, यूपीआई पिन तथा अन्य गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई।

डिजिटल सुरक्षा व कानूनी ज्ञान आज की जरूरत

वक्ताओं ने विद्यार्थियों को समझाया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर घबराने के बजाय तत्काल अपने अभिभावकों, विद्यालय के शिक्षकों अथवा संबंधित पुलिस एवं साइबर सहायता तंत्र को सूचना दें। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से आए विधिक जागरूकता दल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा और अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना भी अत्यंत आवश्यक है।

आपत्तिजनक कंटेंट शेयर करना गंभीर अपराध

शिविर में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि किसी व्यक्ति की आपत्तिजनक, अश्लील अथवा निजी फोटो/वीडियो को अपने मोबाइल में रखना, बिना अनुमति शेयर करना, प्रसारित करना या सोशल मीडिया पर अपलोड करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आ सकता है। विद्यार्थियों को फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी, **OTP** फ्रॉड, **UPI**/बैंकिंग फ्रॉड, पहचान की चोरी, सोशल मीडिया पर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन मानहानि तथा निजी जानकारी के दुरुपयोग जैसे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

